
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

## एक नजर में



### केदारनाथ धाम के खुले कपाट

**देवभूमि.** देवभूमि उत्तराखंड में पवित्र चार धाम यात्रा का शुभारंभ हुआ. केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए. कपाट खुलते ही पूरे धाम में भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला. हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मंदिर परिसर में पुष्प वर्षा की गई, जिससे वातावरण और भी दिव्य हो उठा. इस शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी के साथ मौजूद रहे और पूजा-अर्चना की. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए बाबा केदार से सभी के कल्याण की कामना की.

# अमेरिका-ईरान युद्ध खत्म!

## राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्ध विराम अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया

**वाशिंगटन, 22 अप्रैल. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को घोषणा की कि अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध में युद्धविराम की अवधि बढ़ा दी है और प्रस्तावित सैन्य हमले को फिलहाल टाल दिया गया है. व्हाइट हाउस ने जारी बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तान के नेतृत्व की अपील पर ईरान पर नियोजित सैन्य हमले को स्थगित करने और युद्ध विराम को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है.**

बताया कि ईरान के भीतर गंभीर रूप से विभाजित स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया है, जिससे ईरान की ओर से एकजुट बातचीत की स्थिति पर सवाल उठ



रहे हैं. बयान के अनुसार, युद्ध विराम बढ़ाने का अनुरोध पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने किया था. अमेरिका ने कहा है कि जब तक ईरानी नेतृत्व बातचीत के लिए एक एकीकृत प्रस्ताव पेश नहीं करता, तब तक

> ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड ने होर्मुज स्ट्रेट में भारत आ रहे एक जहाज को रोककर कब्जे में ले लिया है. ईरान का आरोप है कि जहाज बिना इजाजत होर्मुज से गुजरने की कोशिश कर रहा था. लाइबेरिया के फ्लैग वाला एपामिनोडेस नाम का यह कंटेनर शिप गुजरात के मुंद्रा पोर्ट की ओर जा रहा था.

कोई आक्रामक कार्रवाई नहीं की जाएगी. राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मैंने अपनी सेना को निर्देश दिया है कि वे नाकेबंदी जारी रखें और पूरी तरह तैयार रहें. इसका मतलब है कि सक्रिय सैन्य कार्रवाई भले ही टाल दी गई हो, लेकिन ईरान पर दबाव बना रहेगा.

### होर्मुज स्ट्रेट में 3 जहाजों पर फायरिंग

होर्मुज स्ट्रेट में बुधवार को 3 जहाजों पर गोलीबारी की गई. ओमान के उत्तर-पूर्व में लाइबेरिया के झंडे वाले एक कंटेनर जहाज पर गोलीबारी और रॉकेट से हमला हुआ, जिससे जहाज के ब्रिज हिस्से को नुकसान पहुंचा. इसके अलावा एक पनामा के झंडे वाले जहाज पर हमला हुआ. यह ईरान से करीब 8 नॉटिकल मील दूर (14.8 किलोमीटर) था. यह जहाज और इसके क्रू सदस्य सुरक्षित हैं. तीसरे कंटेनर जहाज पर भी ईरान से करीब 8 नॉटिकल मील पश्चिम फायरिंग की गई. वह हॉर्मुज से बाहर निकल रहा था.

# मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र को खतरे में डाला : सुको

- बंगाल में तो जज भी सुरक्षित नहीं : सुप्रीम कोर्ट
- हम बंगाल के हालात को लेकर आंख बंद नहीं कर सकते



**नई दिल्ली, 22 अप्रैल. ममता बनर्जी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। मामला केवल एक छापेमारी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मर्यादाओं से जोड़कर देखा जा रहा है.**

प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई में कथित हस्तक्षेप ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं-ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि सशस्त्र लोगों को साथ लाकर कानूनी कार्रवाई को बाधित करना गंभीर संज्ञेय अपराध है. बंगाल में तो जज भी सुरक्षित नहीं रह सकता है। ईडी की छापेमारी में दखलअंदाजी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की है. एजेंसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा, संविधान निर्माताओं ने ऐसी स्थिति की कल्पना भी नहीं की होगी कि कभी कोई मुख्यमंत्री जांच के बीच में दखल देने पहुंच सकता है. यह लोकतंत्र को खतरे में डालने जैसा है.जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एन वी अंजारिया की बेंच ने सुनवाई के दौरान सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इसे राज्य बनाम केंद्र का मामला बनाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए. यह सब कुछ शुरू हुआ एक व्यक्ति विशेष के चलते जो संयोग से राज्य की मुख्यमंत्री हैं.हम बंगाल के हालात को लेकर आँख बंद नहीं कर सकते।

> बंगाल में अधिकारी को बंधक बनाया गया था. 8 जनवरी को कोलकाता में राजनीतिक रणनीतिकार प्रतीक जैन के घर और उनकी संस्था आईपैक के दफ्तर पर ईडी अधिकारी तलाशी के लिए पहुंचे थे. कोयला घोटाले से जुड़े इस छापे के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारी पुलिस बल के साथ प्रतीक जैन के घर पहुंच गईं. ममता वहां से दस्तावेज उठा कर अपने साथ ले गईं.ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि सशस्त्र लोगों को साथ लाकर कानूनी कार्रवाई को बाधित करना गंभीर संज्ञेय अपराध है. चूंकि, पुलिस के बड़े अधिकारी खुद इस घटना में शामिल हैं इसलिए, मामले में सीबीआई से केस दर्ज करने को कहा जाए.

## संजय झा बने रहेंगे जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (वार्ता). सांसद संजय झा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी अध्यक्ष बने रहेंगे. जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है.**

जदयू की बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी ने नई राष्ट्रीय कार्यकारी और अन्य पदाधिकारियों की सूची जारी की है. पार्टी ने चौबीस सदस्यीय समिति दो



महिलाओं को जगह दी है. नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को इसमें शामिल नहीं किया गया है. गौरतलब है कि निशांत ने कुछ ही दिनों पहले जदयू की सदस्यता ग्रहण की थी. नई कार्यकारिणी में पुराने और अनुभवी नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है. इसमें संगठनात्मक संतुलन और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा गया है.

## बंगाल-तमिलनाडु में चुनाव आज

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल. पश्चिम बंगाल और विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान के लिए 3.60 करोड़ (36 मिलियन) से अधिक मतदाता वोट करेगें. वहीं तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा. इस राज्य में 5.73 करोड़ से अधिक मतदाता हैं. कुल 4,023 उम्मीदवार मैदान में हैं।**

बंगाल में चुनाव बेहद कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच हो रहा है, जिसमें 16 जिलों की ये सीटें शामिल हैं। पहले चरण से संबंधित मुख्य बातें कुल मतदाता-3.6 करोड़ से ज्यादा मतदाता 1,478 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे. मतदाता विवरण इसमें लगभग 1.84 करोड़ पुरुष, 1.75 करोड़ से अधिक महिला मतदाता और 465 थर्ड-जेंडर मतदाता शामिल हैं. सुरक्षा और केंद्र-मतदान के लिए 44,376 से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 8,000 से अधिक को अति संवेदनशील घोषित किया गया है. पहले चरण में नंदीग्राम सबसे हॉट सीट है, जहां ममता बनर्जी और बीजेपी के सुवेंदु अधिकारी के बीच सीधा मुकाबला है.

# इस बार बंगाल से ममता दीदी की विदाई तय

- गृह मंत्री अमित शाह का टीएमसी-कांग्रेस पर हमला
- मोदी को जितनी गाली दोगे, कमल उतना खिलेगा

**कोलकाता, 22 अप्रैल.** गृह मंत्री अमित शाह ने दम दम उत्तर विधानसभा में जनसभा की. इस दौरान वह कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस दोनों पर बरसे. शाह ने दावा किया कि इस बार बंगाल से ममता दीदी की विदाई हो जाएगी. शाह ने इस दौरान पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया. साथ ही मल्लिकार्जुन खरगे को पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भी घेरा.



शाह ने कहा, 4 मई को सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी. 9 बजे पहला राउंड आएगा, 10 बजे दूसरा राउंड आएगा, और दोपहर 1 बजे तक गिनती समाप्त होते-होते ममता दीदी का टाटा-बाय-बाय हो जाएगा. 29 तारीख को आप सभी को वोट डालना है, लेकिन किसी को विधायक या भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठिया मुक्त बंगाल बनाने के लिए वोट डालना है. ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को जवाब दिया. कांग्रेस और टीएमसी की सरकार ने आतंकवाद को यह लोग बिरयानी खिलाते थे. शाह ने कहा, उरी में हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक किया. पहलगाम पर हमला हुआ तो आपरेशन सिंदूर किया. पीएम नरेंद्र मोदी को कांग्रेस अध्यक्ष आतंकवादी कह रहे हैं. राहुल बाबा के साथ रह रह कर खरगे की भी भाषा बिगड़ने लगी है. राहुल बाबा, मोदी जी जितना गाली दोगे, जितना कीचड़ गिराओगे, कमल उतनी शान से खिलेगा.




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | BAJAJ AUTO CREDIT | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. पल्सर N160 USD सिंगल सीट वैरिएंट पर दिए गए ई-कॉम ऑफ़र्स, संबंधित ई-कॉम पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉम ऑफ़र्स हर पार्टनर के अनुसार परिवर्तित हो सकते हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur: Nagrath Chowk** FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • **Damoh Naka** SELECT BAJAJ 7880097791 • **Balaghat** SAI BAJAJ 9425822517• **Damoh** MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 7747008720 • **Seoni** FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • **Shahdol** JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • **Katni** TARA BAJAJ 9111407700.